# DIPLOMA IN PRIMARY EDUCATION (DPE)

## Term-End Examination

## June, 2016

## ES-222 : EDUCATION IN EMERGING INDIAN SOCIETY

*Time : 3 hours* *Maximum Weightage : 70%*

***Note :*** *(i)* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*
*(ii)* ***All*** *questions carry* ***equal*** *weightage.*

---

**1.** Answer the following question in about **600** words :

Our constitution declares India as a "democratic, socialist and secular republic". What do you understand by these concepts ? Discuss the educational implications of these concepts highlighting how they have shaped the educational structure of the country.

**OR**

Justify the statement : "India is a pluralistic multicultural society." Discuss the composite culture of India with special reference to "unity in diversity".

**2.** Answer the following question in about **600** words :

Identify various forms of inequalities that exist in India. Explain how they are inter-related and mutually reinforce each other. Suggest remedial measures to bring about an even regional development.

**OR**

Describe school as a sub-system of community. Discuss the need for a healthy school-community relationship.

3. Answer **any four** of the following questions in about **150** words each :

(a) Discuss briefly, "Communalism" as a factor in Indian politics. Suggest at least four actions that can be initiated to combat communalism.

(b) Describe the major characteristics of "life centered curriculum".

(c) Describe main reasons for girls' non-enrolment in schools or premature discontinuation of schooling.

(d) Describe two factors that determine the effectiveness of curriculum transaction.

(e) What are the guidelines you need to follow to enable disabled children to benefit from education in a regular class ?

(f) What are the functions of a Village Education Committee (VEC) ? Illustrate using suitable examples.

4. Answer the following question in about **600** words :

Why is women empowerment the need of the hour ? Explain briefly. How does the National Policy on Education (NPE, 1986) and Programme of Action (PoA, 1992) address the issue of equality of educational opportunities for women ? Discuss the steps you would like to undertake in a primary school.

# प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा ( डी.पी.ई. )

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2016

## ई.एस. - 222 : उभरते भारतीय समाज में शिक्षा

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम भारिता : 70%*

**नोट :** (i) ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

(ii) ***सभी*** *प्रश्नों की भारिता* ***समान*** *है।*

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों मे दें :

हमारा संविधान भारत को एक 'लोकतांत्रिक, समाजवादी तथा धर्मनिरपेक्ष गणराज्य' घोषित करता है। आप इन प्रत्ययों से क्या समझते हैं? इन प्रत्ययों की शैक्षिक उपादेयताओं का उल्लेख करते हुए बताइये कि ये किस प्रकार देश की शिक्षा संरचना को निर्मित करते हैं?

**अथवा**

"भारत एक बहुलतावादी बहुसांस्कृतिक समाज है।" कथन की पुष्टि कीजिए तथा 'अनेकता में एकता' के सन्दर्भ में भारत की सम्मिलित संस्कृति का वर्णन कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

भारत में पायी जाने वाली विभिन्न प्रकार की असमानताओं की पहचान कीजिए। व्याख्या कीजिए कि कैसे ये एक दूसरे से सम्बन्धित हैं तथा विविध रूपों में एक दूसरे को प्रेरित करती हैं। एक समान क्षेत्रीय विकास हेतु उपचारात्मक उपाय सुझाइये।

**अथवा**

विद्यालय को समुदाय के उप-व्यवस्था के रूप में विवेचना कीजिए। स्वस्थप्रद विद्यालय-समुदाय सम्बन्धों की आवश्यकता का वर्णन कीजिए।

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर लगभग **150** शब्दों में दें :

(a) भारतीय राजनीति में 'साम्प्रदायिक' की एक कारक के रूप में संक्षिप्त चर्चा कीजिए। साम्प्रदायिकता से निपटने के कम-से-कम चार उपायों को सुझाइये।

(b) "जीवन केन्द्रित पाठ्यचर्या" के प्रमुख गुणों का वर्णन कीजिए।

(c) विद्यालयों में बालिकाओं के नामांकित न होने तथा विद्यालयीकरण में असामयिक भेदभाव के मुख्य कारणों का वर्णन कीजिए।

(d) पाठ्यचर्या अंतरण की प्रभाविता सुनिश्चित करने वाले दो कारकों का वर्णन कीजिए।

(e) एक सामान्य कक्षा को अशक्त बच्चों की शिक्षा हेतु लाभप्रद बनाने हेतु आपको किन दिशा निर्देशों को मानने की आवश्यकता है?

(f) ग्राम शिक्षा समिति के क्या कार्य हैं? उचित उदाहरणों से स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

महिला सशक्तिकरण आज के समय की आवश्यकता क्यों है? संक्षिप्त में व्याख्या कीजिए। महिलाओं के लिए शैक्षिक अवसरों की समानता के विषय को किस प्रकार राष्ट्रीय शिक्षा योजना (1986) तथा कार्ययोजना (1992) प्रभावित करते हैं? एक प्राथमिक विद्यालय में आप कौन से कदम उठाना चाहेंगे?

---

# प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा ( डी.पी.ई. )

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2016

## ई.एस. - 222 ( संशोधित ) : समकालीन भारतीय समाज में शिक्षा

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम भारिता : 70%*

***नोट :*** *(i)* ***सभी चारों*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

*(ii)* ***सभी*** *प्रश्नों की भारिता* ***समान*** *है।*

---

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :
राष्ट्रीय विकास में शिक्षा की भूमिका का वर्णन कीजिए। राष्ट्रीय विकास और शिक्षा के संदर्भ में भारतीय संविधान की प्रस्तावना में दिए गए किसी एक दिशा निर्देश की चर्चा कीजिए।

**अथवा**

भारतीय समाज में पाई जानी वाली असमानताओं का वर्णन कीजिए। देश में निरक्षरता के निराकरण हेतु उठाये गए कदमों पर चर्चा कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :
प्राथमिक शिक्षा के उद्देश्यों को सूचीबद्ध कीजिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) की प्राथमिक शिक्षा के संदर्भ में दिए गए निहितार्थों की चर्चा कीजिए।

**अथवा**

मूल्यों की शिक्षा के महत्त्व की चर्चा कीजिए। बच्चों में मूल्यों की शिक्षा देने के आंतरीकरण में अभिभावकों (माता-पिता) की भूमिका का वर्णन कीजिए।

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए।

(a) शिक्षा की ग़ैर-औपचारिक और औपचारिकेतर एजेंसियों (माध्यमों) में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(b) शिक्षा के अधिकार में विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका की चर्चा कीजिए।

(c) विद्यालय-समुदाय संबंधों को बनाए रखने में विद्यालय की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

(d) ग्राम शिक्षा समिति के महत्त्व और संगठन का वर्णन कीजिए।

(e) अभिभावक-अध्यापक साझेदारी की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा कीजिए।

(f) देश की प्रगति में बालिका-शिक्षा के महत्त्व की चर्चा कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

समावेशन के सिद्धान्तों और चुनौतियों का वर्णन कीजिए। आपके सम्मुख विद्यालय और कक्षा कक्ष शिक्षण में आने वाली समस्याओं की उदाहरण देकर चर्चा कीजिए।

---